राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 18.09.2020 को 11.30 बजे (पूर्वाह्न) में विडियो कान्फ्रेसिंग (जूम ऐप) के माध्यम से सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री पर्वत सिंह यादव,<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस0राधा चौहान, आई0ए0एस0,<br>अपर मुख्य सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय,<br>कुलपति, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर।<br>(पूर्व निदेशक, के0एन0आई0टी0, सुलतानपुर) | सदस्य |
| 4. | प्रो0 एम0एम0 गोरे,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग,<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 5. | श्री अरुण कृष्ण,<br>जनरल मैनेजर, एच0ए0एल0 कोरवा,<br>अमेठी। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 राम अवध मिश्र,<br>इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग,<br>मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 आर0एस0 यादव,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग,<br>मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 8. | श्री के0 राम,<br>संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>के प्रतिनिधि<br>सदस्य |

Sha

9. प्रो0 आर0 पी0 पयासी, — सदस्य
इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग,
कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, सुलतानपुर।

10. डॉ0 राजीव, — सदस्य
एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विज्ञान विभाग, आई0आई0टी0,
बी0एच0यू0, वाराणसी।

11. श्री संजय कुमार तिवारी, — विशेष आमंत्री
अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

12. श्री अवध किशोर, — विशेष आमंत्री
विशेष कार्य अधिकारी, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

13. प्रो0 विशाल सिंह चंदेल, — सदस्य–सचिव
अप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमेनिटीज विभाग,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

**अपरिहार्य कारणोंवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके।**

1. प्रो0 विनय कुमार पाठक, — सदस्य
कुलपति, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम,
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

2. प्रो0 राजीव त्रिपाठी, — सदस्य
निदेशक, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
इलाहाबाद, प्रयागराज।

3. डॉ अभय करन्डीकर, — सदस्य
निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।

4. सचिव, — सदस्य
वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन,
लखनऊ।

5. श्री अभिषेक वर्मा, — विशेष आमंत्री
वित्त एवं लेखाधिकारी,
रा0इं0का0, अम्बेडकर नगर।

सर्वप्रथम सदस्य–सचिव द्वारा अध्यक्ष, एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य–सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**12:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 15.06.2020 को सम्पन्न 10वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 15.06.2020 को सम्पन्न 10वीं बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया। माननीय सदस्यों से कार्यवृत्त के अभिलेखन पर कोई टिप्पणी नहीं प्राप्त हुई। अनुमोदित कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त उक्त कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया गया।

**12:02 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 15.06.2020 को सम्पन्न 10वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 15.06.2020 को सम्पन्न 10वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई एवं लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने का निर्देश दिया एवं बिन्दु संख्याः 10:14.01 के संदर्भ में निर्णय के क्रम में शासन को पत्र लिखकर सक्षम स्तर से कार्यवाही कराये जाने का भी निर्देश दिया गया।

**12:03 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 23.06.2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 23.06.2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया। माननीय सदस्यों से कार्यवृत्त के अभिलेखन पर कोई टिप्पणी नहीं प्राप्त हुई। अनुमोदित कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त उक्त कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया गया।

**12:04 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 23.06.2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 23.06.2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई।

**12:05 डा0 अखिलेश कुमार मिश्र को दसवीं प्रशासकीय परिषद के अनुमोदनोपरान्त कार्यालय–आदेश पत्र संख्याः 4897/रा0इं0का0/2020 दिनांकः 20.07.2020 दिये जाने की सूचना।**

**12:06 संस्थान के कार्यवाहक निदेशक का प्रभार संस्थान के वरिष्ठतम आचार्य, प्रो0 विशाल सिंह चन्देल, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग को दिये जाने के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद प्रो0 विशाल सिंह चन्देल, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग को कार्यवाहक निदेशक का प्रभार दिये जाने से अवगत हुई एवं उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 27699 / 16–1099 / 286 / 2020 दिनांकः 10.09.2020 का अनुमोदन प्रदान किया। कार्यवाहक निदेशक को दैनन्दिन प्रशासनिक कार्यों के लिए वित्त समिति द्वारा अनुमोदित बजटीय सीमान्तर्गत व्यय करने के लिए अधिकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**12:11 TEQIP-III द्वारा क्रय किये गये एवं क्रय किये जाने वाले उपकरणों, साफ्टवेयर एवं सामानों की अद्यतन स्थिति।**

प्रशासकीय परिषद उक्त से अवगत हुई।

**12:12 शासन द्वारा प्राप्त पत्र संख्याः 27795/20/16–1001(009)/2020 दिनांक 10 सितम्बर, 2020 के क्रम में संस्थान के रिक्त पदों का नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पर विचार।**

राजकीय एवं राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित अभियंत्रण संस्थानों के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति के सम्बन्ध में शासन द्वारा पत्र संख्याः 27795/20/16–1001(001)/2/2020 दिनांकः 10 सितम्बर, 2020, पत्र संख्याः 21400/16–1001(001)/2/2020 दिनांकः 29.05.2020 एवं कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ के पत्र संख्याः अ0क0प्रा0वि0/कुप0का0/2020/10802 दिनांक 10.05.2020 को प्रेषित किया गया है। पत्र में ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा शिक्षकों के नियुक्ति के संदर्भ में 08 बिन्दुओं पर शासन का अनुमोदन चाहा है। उक्त हेतु शासन द्वारा संस्थान की प्रशासकीय परिषद के अभिमत/संकल्प के अनुसार कार्यवाही करने की अपेक्षा की गयी है। डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रस्ताव के 08 बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1. समस्त राजकीय संस्थानों के रिक्त शैक्षिक पदों हेतु आवेदन का आमंत्रण केन्द्रीयकृत रूप से डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को सम्बद्ध करते हुए किया जाय।
2. इन आवेदनों की स्क्रूटनी सम्बन्धित अभियंत्रण संस्थान के बाईलॉज के अनुरूप गठित समिति द्वारा डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को सम्बद्ध करते हुए की जाय।
3. शैक्षिक पदों पर चयन हेतु जिन पदों के लिए डामेन नॉलेज के मूल्यांकन हेतु लिखित परीक्षा की अपेक्षा हो, उन पदों हेतु विषयवार रूप से समस्त राजकीय संस्थानों के आवेदक अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा डा0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को सम्बद्ध करते हुए करायी जाए ताकि मूल्यांकन पूर्णरूपेण, पारदर्शी एवं विसंगति से परे हो।
4. स्क्रूटनी और लिखित परीक्षा में अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सम्बन्धित राजकीय संस्थान के बाईलॉज में दी गई व्यवस्था के अनुरूप गठित चयन समिति द्वारा, समस्त राजकीय संस्थानों के संदर्भ में विषयवार रूप से केन्द्रीयकृत रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति सह अध्यक्ष चयन समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न कराया जाय।
5. विभिन्न राजकीय संस्थानों की संकलित चयन समिति द्वारा समस्त राजकीय संस्थानों द्वारा विषय विशेष के लिए विज्ञापित रिक्त पदों के सापेक्ष, चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जाय।
6. समस्त सम्बन्धित संस्थानों की प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त अनुशंसित चयन सूची का अनुमोदन किया जाय।

7. चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सम्बन्धित संस्थान के नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाय।
8. चयनित अभ्यर्थियों द्वारा योगदान हेतु संस्थान विशेष का विकल्प देने पर शेष संस्थानों जहॉ भी उनका चयन हुआ था, उस संस्थान द्वारा उस अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रत्याहरित कर ली जाय।

कुलपति, ए0के0टी0यू0 द्वारा यह भी सुझाया गया है कि राजकीय संस्थानों के रिक्त पदों पर समयबद्ध चयन कार्यवाही के लिए उपरोक्त अनुशंसित प्रक्रिया के अनुरूप विश्वविद्यालय को ई–पोर्टल के माध्यम से संस्थान के लिए आवेदन आमंत्रित कर संस्थान के बाईलॉज एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु अनुमति प्रदान की जाय। प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्तावनुसार चयन की कार्यवाही किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**12:13 पं० दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम योजना (DDUQIP) की अद्यतन स्थिति।**

प्रशासकीय परिषद ने उक्त से अवगत होते हुए एवं दसवीं बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में कार्य करने का निर्देश देते हुए कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

**12:14 संस्थान के छात्रों की कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत सत्र 2020–21 की शुल्क के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद AICTE नई दिल्ली के पत्र संख्याः 1-140/AICTE/PGRC/2020 दिनांकः 03. 09.2020 से अवगत हुई एवं कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत संस्थान द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले संसाधनों के अनुपात में ही शुल्क लिये जाने का निर्देश जारी किया एवं आफलाइन कक्षायें प्रारम्भ होने पर शुल्क को आनुपातिक आधार पर लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**12:15 संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 25.08.2020 को सम्पन्न दसवीं बैठक के कार्यवृत्त का औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की आठवीं एवं नौवीं केन्द्रीय क्रय समिति के लिए दिये गये निर्देशों के अनुपालन के उपरान्त ही दसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर विचार करने पर मत स्थिर किया एवं निर्देश दिया कि अगली बैठक से पूर्व सभी लम्बित प्रकरणों का पूर्ण करा लिया जाय।

**12:16 संस्थान के शैक्षिक सत्र 2020–21 की विश्वविद्यालय से अस्थायी सम्बद्धता के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद उक्त से अवगत हुई।

**12:17 अन्य अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**12:17.1 संस्थान के लेखा सलाहकार श्री रमेश चन्द्र प्रजापति की सेवा विस्तार का प्रकरण।**

संस्थान के लेखा सलाहकार श्री रमेश चन्द्र प्रजापति की सेवा विस्तार का प्रकरण प्रशासकीय परिषद के समक्ष रखा गया जिस पर प्रशासकीय परिषद द्वारा यह मत स्थिर किया गया कि वित्त समिति की आगामी बैठक या 6 माह जो भी पहले हो, तक श्री प्रजापति की यथास्थिति बनाये रखी जाय।

**12:17.2 संस्थान के शिक्षकों के शैक्षिक अवकाश के सम्बन्ध में।**

संस्थान के शिक्षक श्री लोकेश कुमार यादव द्वारा शैक्षिक अवकाश के लिए दिये गये प्रार्थना पत्र के क्रम में प्रशासकीय परिषद द्वारा शैक्षिक अवकाश के प्रकरण के लिए अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया एवं शैक्षिक अवकाश संस्थान के बाईलॉज में उल्लिखित व्यवस्था के अनुरूप किये जाने पर मत स्थिर किया।

अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को सदस्य–सचिव प्रशासकीय परिषद द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

Chandel

(प्रो0 विशाल सिंह चन्देल)
सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

(एस० राधा चौहान, आई०ए०एस०)
अपर मुख्य सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन,
लखनऊ।
एवं
उपाध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
अम्बेडकर नगर

पर्वत सिंह यादव

(पर्वत सिंह यादव)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

पर्वत सिंह यादव
अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद
राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज
अम्बेडकर नगर